

छात्रों द्वारा अंत्योदय मेले का भ्रमण

# छात्रों ने समझे प्रशासनिक कार्य

म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला सीधी द्वारा प्रत्येक रविवार को संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बी.एस.डब्ल्यू. (समाज कार्य) पाठ्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्डों मझौली, सीधी, रामपुर नैकिन, सिहावल एवं कुसमी में कक्षाओं का संचालन किया गया। सभी छात्रों को जहां सैद्धांतिक विषय की जानकारी प्रदान की गयी वहीं प्रायोगिक एवं मैदानी कार्यो में दक्ष बनाने के लिये एसाइनमेन्ट दिया गया। इसी तारतम्य में मैदानी कार्य के लिये विकासखण्डों में लगने वाले अन्त्योदय मेले के अध्ययन का कार्य सौंपा गया। जिसमें सभी छात्रों ने जिला प्रशासन द्वारा लगाये गये अन्त्योदय मेला का भ्रमण एवं अध्ययन किया। विकासखण्ड स्तरीय अन्त्योदय मेले में मझौली विकासखण्ड के 40 ग्रामों के सभी छात्रों द्वारा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित म.प्र. शासन के इस महत्वपूर्ण आयोजन के अध्ययन हेतु सभी विभागों के काउंटर में जाकर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर विभागों के कार्यो एवं संचालित योजनाओं की जानकारी एकत्रित की। योजनाओं के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए हितग्राहियों के लिये आर्हता, आवेदन का स्वरूप एवं प्रमुख अधिकारी के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। सभी छात्रों को विभाग द्वारा पानी साफ करनें की दवाई वितरित की गयी। छात्रों द्वारा अन्त्योदय मेले को और भी अधिक बेहतर बनाने के लिये उपस्थित हितग्राहियों से भी सम्पर्क कर चर्चा की गई और उनसे सुझाव मागे गये। इस संबंध में उनसे इस आयोजन के लाभ के संबंध में भी प्रश्न पूछे गये। सम्पूर्ण अध्ययन के पश्चात् अन्त्योदय मेले के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन देनें हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अभ्यूदय सिंह, कलेक्टर श्री विशेष गढ़पाले, सहायक कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा सभी छात्रों को विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। छात्रों ने सभी से अपनी जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्न पूछे और अधिकारियों द्वारा सभी छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अभ्यूदय सिंह ने सभी छात्रों को बताया कि अन्त्योदय मेला का उद्देश्य अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस तारतम्य में यह प्रशासनिक पहल विकासखण्ड को केन्द्र बनाकर सभी सम्मिलित ग्रामों के हितग्राहियों से जुड़कर जहां उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से अवगत कराती है वहीं पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाकर प्रदेश के विकास की गति को आगे बढ़ाने में मददगार है। छात्रों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने छात्रों से कहा कि प्रदेश के विकास में युवाओं की महत्पूर्ण भूमिका है और आप लोगों द्वारा सामुदायिक नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रशासन को समझने हेतु जो अध्ययन की पहल की गयी है वो निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। कलेक्टर ने छात्रों से प्राप्त अनुभव को भी सुना।

अध्ययन कार्य जिला समन्वयक सीधी, विकासखण्ड समन्वयक मझौली के नेतृत्व में किया गया। जिसके तहत सभी छात्रों को पांच समूहों में विभक्त कर चयनित मेंटर्स के नेतृत्व में विकासखण्ड मझौली में शालिनी श्रीवास्तव, शिप्रा तिवारी, कृष्णाकान्त पाण्डेय, रंगदेव कुशवाहा, रजनीश द्विवेदी विकासखण्ड सीधी निधी सिंह, सनमान द्विवेदी, वर्षा सोनी, पुजेरी लाल मिश्रा, कल्पना गुप्ता रामपुर नैकिन में कामना गुप्ता, विनय सोनी, सौरभ सिंह, अशोक पाण्डेय, दिनेश सोनी विकासखण्ड सिहावल में महेन्द्र द्विवेदी, राजकुमार पटेल, प्रशांत मिश्रा, विनायक मिश्रा, सुप्रिया श्रीवास्तव, अरूणा पटेल द्वारा अध्ययन भ्रमण कराया गया। सम्पूर्ण अध्ययन के दौरान सभी छात्रों द्वारा अन्त्योदय मेले के आयोजन का उद्देश्य, सम्मिलित विभाग, समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनायें, लाभान्वित हितग्राहियों की पात्रता और बेहतर बनाने के संबंध में उपस्थित हितग्राहियों से सुझाव मांगे गये। सभी एकत्र किये गये सुझावों एवं अध्ययन के परिणामों को जिला समन्वयक द्वारा कलेक्टर को उपलब्ध कराया गया जिससे आने वाले समय में प्राप्त सुझावों को समाहित कर जिला प्रशासन आगामी आयोजनों की गुणवत्ता में वृद्धि कर सकेगा।

**डॉ. राजेश तिवारी**
जिला समन्वयक सीधी, म.प्र.ज.अ.प.